# राहुल बजाज ने कंपनी को 7.2 करोड़ के टर्नओवर से 12 हजार करोड़ तक पहुंचाया

13/02/2022

**नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो**

मशहूर उद्योगपति राहुल बजाज के शनिवार को निधन की खबर से कारोबार जगत में मायूसी छा गई है। राहुल बजाज की अगुवाई में बजाज ऑटो का टर्नओवर 7.2 करोड़ से 12 हजार करोड़ तक पहुंच गया। यह स्कूटर बेचने वाली देश की अग्रणी कंपनी बन गई। 2005 में राहुल ने बेटे राजीव को कंपनी की कमान सौंपनी शुरू की थी। तब उन्होंने राजीव को बजाज ऑटो का एमडी बनाया था। इसके बाद कंपनी का विस्तार हुआ।

**55 साल से अधिक समय तक बजाज समूह के चेयरमैन रहे :** राहुल बजाज 55 साल तक बजाज ग्रुप के चेयरमैन रहे। 1965 में समूह की जिम्मेदारी संभाली थी। बजाज ने उम्र का हवाला देकर गत वर्ष पद छोड़ा था।

**गैराज में बनाया था पहला स्कूटर:** आजादी के अगले साल कंपनी ने असेम्बल्ड टू-व्हीलर और थ्री व्हीलर लॉन्च किए थे। पहला बजाज स्कूटर गुड़गांव के गैराज में बना था। 1960 में कंपनी का नाम बजाज ऑटो हुआ।




